डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेक्टर–11,जानकारीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2023 / 21430 दिनांक 09 नवम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–शैक्षिक सत्र 2023–24 में नवप्रवेशित / प्री–रजिस्ट्रेशन किये गए छात्र / छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023–24 में काउंसलिंग तथा प्री–रजिस्ट्रेशन के माध्यम से निर्धारित तिथि तक नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन फार्म भरे जाने की प्रक्रिया निम्नवत हैः–

क्रम सं0	प्रक्रिया	तिथि (याँ)
1	नामांकन फॉर्म भरने की प्रारंभ तिथि	10.11.2023
2	नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि	30.11.2023

नामांकन प्रक्रिया के समय छात्र / छात्राओं द्वारा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्रम सं0	पाठ्यक्रम	परीक्षा शुल्क
1	स्नातक, एम0बी0ए0,एम0सी0ए0 एवं एम0टेक0एनट्रीग्रेटेड	7500 / –
2	परास्नातक (एम0बी0ए0,एम0सी0ए0 एवं एम0टेक0एनट्रीग्रेटेड को छोड़कर)	10,000 / –

सम्बंधित छात्र / छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल पर नामांकन हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता प्रमाण पत्रों को अपलोड तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि नामांकन की इस प्रक्रिया में आप अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हों लें, कि छात्र / छात्राओं द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता जो उत्तर प्रदेश शासन एवं प्राविधिक शिक्षा के नियामक संगठन (ए0आई0सी0टी0ई0, पी0सी0आई0, सी0ओ0ए0) द्वारा निर्धारित हैं, शैक्षिक अर्हता में विसंगतियां या अनिवार्य शैक्षिक प्रवेश योग्यता न धारण करने या किसी अभिलेख की कूट रचना की स्थित में नामांकन स्वतः निरस्त हो जायेगा । यदि सत्यापन की प्रक्रिया में ऐसा पाया जाता है कि संस्थान विशेष द्वारा योग्यता की विसंगतियों या कूट रचना में कोई सहयोग या समर्थन रहा है तो संस्थान एवं छात्र / छात्राओं के विरुद्ध कार्यवाही की बाध्यता होगी ।

भवदीय,

(डा0 डी0पी0 सिंह)
उप कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियन्त्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव (नामांकन एवं संबद्धता), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. स्टाफ आफीसर, मा0 कुलपति महोदय ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(डा0 डी0पी0 सिंह)
उप कुलसचिव